ए.पी.जे. इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमैंट ने जीती 'रनर्स अप ट्राफी'

जालंधर, 8 अप्रैल (विनीत): ए.पी.जे. इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमैंट एंड इंजीनियरिंग टैक्नीकल कैंपस के विद्यार्थियों ने गत दिवस हुए इंटर कालेज कंपीटिशन 'प्लाजमा-2023' में भाग लेकर 'रनर्स-अप' ट्राफी पर कब्जा किया।

इंस्टीच्यूट की कल्चरल कमेटी के सदस्य दलजीत सिंह मट्ठारु, पाहुलप्रीत सिंह, राजिन्द्र, परमजीत व गुरप्रीत सिंह ने बताया कि उक्त कंपीटिशन के 'टैस्ट योर टैक्नीकल स्किलस' मुकाबले में हिमांशू जिंदल ने पहला तथा आई.टी. क्विज में शुभांकर चक्रवर्ती, आकांक्षा त्यागी तथा 'वैब पोर्टल डिवैल्पमैंट' में दिगम्बर झा और नंदिनी शर्मा ने दूसरा, 'लॉजिक वर्लपूल' में अमनदीप सिंह, करणदीप भट्टी तथा टैक.जी.डी. में पूर्णिमा ने तीसरा स्थान हासिल किया।

विजेताओं को 'रनर्स-अप' ट्राफी भेंट करते डा. राजेश बग्गा व फैकल्टी स्टाफ। (ब्यूरो)

विजेताओं को इंस्टीच्यूट के डायरैक्टर डा. राजेश बग्गा ने बधाई देते हुए उनके मंगलमय भविष्य की कामना की।

Punjab Kesari 09April2023

10:58 am ✓✓